मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्षः 7 अंक 190
शनिवार, 25 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ

# महाराष्ट्र के भंडारा जिले में आयुध फैक्टरी में बड़ा धमाका, 8 कर्मचारियों की मौत



**मुंबई, 24 जनवरी।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले के जवाहर नगर इलाके में आज सुबह आयुध कारखाने में विस्फोट होने से 8 व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य फंस गए। अग्निशमन कर्मियों और एम्बुलेंस सहित बचाव दल को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। विस्फोट के कारण फैक्ट्री की छत ढह गई और अर्थमूवर्स फिलहाल मलबा हटाने का काम कर रहे हैं। भंडारा जिला कलेक्टर संजय कोलटे के अनुसार, कई लोग फंसे हुए हैं, अब तक कुल चौदह लोगों को बचाया जा चुका है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि भंडारा में ऑर्डनेंस फैक्ट्री में बड़ा धमाका हुआ है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है और 7 लोग घायल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया कि महाराष्ट्र के भंडारा में आयुध फैक्ट्री में विस्फोट के बारे में जानकर गहरा दुख हुआ। बचाव दल घटनास्थल पर तैनात हैं। प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फड़णवीस ने कुछ देर पहले कहा कि भंडारा जिले की ऑर्डनैस फैक्ट्री में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 मजदूरों के फंसने की खबर है। अभी तक मिली शुरूआती जानकारी के मुताबिक दुर्भाग्यवश एक मजदूर की मौत हो गई है। 5 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर हैं और हर तरह की मदद मुहैया करायी जा रही है. बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय में बचाव कार्यों में शामिल है। चिकित्सा सहायता के लिए टीमों को भी तैयार रखा गया है। मैं उस व्यक्ति को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिसने इस घटना में अपनी जान गंवाई है।

# दिल्ली चुनाव में स्टंप और क्लीन बोल्ड हो जाएंगे अरविंद केजरीवाल: अनुराग ठाकुर




**नई दिल्ली, 24 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को भविष्यवाणी की कि दिल्ली के लोग राजधानी में 5 फरवरी के विधानसभा चुनाव में अपने पूर्व मुख्यमंत्री, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को स्टम्प और क्लीन बोल्ड करेंगे। अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल 'स्टम्प्ड' और 'क्लीन बोल्ड' होने जा रहे हैं क्योंकि लोगों को साफ पीने का पानी, साफ हवा और साफ यमुना चाहिए। ठाकुर पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री हैं और उन्होंने एक बार अपने राज्य हिमाचल प्रदेश के लिए क्रिकेट खेला था। वह देश में खेल की नियामक संस्था, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भी हैं। इस बीच, भाजपा नेता ने आप को 'आपदा' भी कहा, यह शब्द खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया था। आतिशी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 'आपदा' के लोग महिला विरोधी हैं और वे दिल्ली की महिलाओं को धोखा देते हैं। यहां तक कि मौजूदा मुख्यमंत्री के होर्डिंग्स में भी कोई जगह नहीं है। आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में अरविंद केजरीवाल के आश्चर्यजनक इस्तीफे के बाद उनकी जगह ली थी। इसके अलावा, ठाकुर ने सवाल किया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल पंजाब पुलिस के संरक्षण में कैसे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पूछा उनका नाम पंजाब की + सुरक्षा श्रेणी में क्यों है, जबकि वह सीएम नहीं हैं और न ही उनके पास पंजाब में कोई पद है? दिल्ली में आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच दोतरफा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

## बीजेपी पर अरविंद केजरीवाल का बड़ा आरोप, वोट खरीदने के लिए पैसे का हो रहा इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में चुनावी प्रचार के बीच आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और उसके नेताओं पर बड़ा आरोप लगाया है। केजरीवाल ने एक वीडियो संदेश में कहा कि दिल्ली के ये चुनाव अलग हैं। उन्होंने दावा किया कि चुनाव के डेढ़ महीने पहले से ही पैसे, जूते, बेडशीट, साड़ियां, राशन, सोने की चेन का खुला वितरण शुरू हो गया। किसी को भी चुनाव आयोग का डर नहीं है कि कोई रोकेगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह वितरण पुलिस सुरक्षा में किया जा रहा है।

केजरीवाल ने कहा कि ये हमारे देश के लिए बहुत खतरनाक है। यह वितरण सरकारी पैसे से नहीं किया जा रहा है। इसे 'गाली-गलोच' पार्टी के कुछ नेता बांट रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि उनके पास इतना पैसा कहां से आया? वोट खरीदने के लिए पैसे का इस्तेमाल किया जा रहा है? यह उनके भ्रष्टाचार का पैसा है जो उन्होंने देश को लूटकर कमाया है। आप नेता ने कहा कि वे जो भी बांट रहे हैं उसे स्वीकार करें लेकिन एक बात याद रखें, अपना वोट न बेचें। जिसे चाहें वोट दें लेकिन उन्हें नहीं जो आपके वोट खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि वे भ्रष्ट हैं। वे देशद्रोही हैं। ये देश के दुश्मन हैं। ऐसे लोग देश के लोकतंत्र के लिए खतरा हैं और देश के लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं। इससे पहले अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में तैनात पंजाब पुलिस के जवानों को वापस बुलाए जाने के एक दिन बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने शुक्रवार को इसे शुद्ध राजनीति करार दिया। केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे खेद है कि व्यक्तिगत सुरक्षा का राजनीतिकरण किया गया है। इससे पहले आप प्रमुख द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आदेश पर विपक्षी उम्मीदवार के समर्थकों को बृहस्पतिवार को उनकी कार पर हमला करने दिया था। हालांकि दिल्ली पुलिस ने इस दावे को खारिज कर दिया।

## बलिया में कोहरे के कारण हुए सड़क हादसों में तीन की मौत, दो अन्य गंभीर रूप से घायल

**बलिया (उत्तर प्रदेश)।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के बलिया बांसडीह मार्ग पर बृहस्पतिवार की रात्रि मोटरसाइकिल और टेंपो की आमने-सामने की टक्कर हो गयी, जिसमें मोटरसाइकिल सवार शुभम सोनी (25), मनीष जायसवाल (23) तथा लव जायसवाल (22) के साथ ही टेंपो चालक शिवम वर्मा (26) गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मौके पर पहुचीं पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां डाक्टरों ने शुभम सोनी व शिवम वर्मा को मृत घोषित कर दिया। दो अन्य युवक मनीष एवं लव को गंभीर हालत में वाराणसी ले जाया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अखिलेश पांडेय ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के बांसडीह सहतवार मार्ग पर दरांव गांव के समीप बृहस्पतिवार की रात्रि कोहरे के कारण एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें टेम्पो चालक मोहित राजभर (25) की टेम्पो के नीचे दबकर मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जगन रेड्डी के करीबी सहयोगी विजयसाई रेड्डी ने दिया राज्यसभा से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** वाईएसआर कांग्रेस पार्टी प्रमुख जगन रेड्डी के करीबी माने जाने वाले विजयसाई रेड्डी ने राजनीति छोड़ने और राज्यसभा से इस्तीफा देने का फैसला किया है। विजयसाई रेड्डी वाईएसआरसीपी के राष्ट्रीय महासचिव हैं। एक्स पर अपने लंबे पोस्ट में रेड्डी ने कहा कि मैं राजनीति छोड़ रहा हूं। मैं कल 25 तारीख को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं किसी भी राजनीतिक दल में शामिल नहीं होऊंगा। मैं किसी अन्य पद, लाभ की उम्मीद में इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं वाईएस परिवार का आभारी हूं, जिन्होंने चार दशकों और तीन पीढ़ियों तक मुझ पर विश्वास किया और मेरा समर्थन किया मुझे अवसर देने के लिए दो बार राज्यसभा सदस्य बनने और मुझे इतने ऊंचे स्तर तक ले जाने के लिए मैं जगन गारू को शुभकामनाएं देता हूं। संसदीय दल के नेता के रूप में राज्यसभा में फ्लोर लीडर के रूप में, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में, मैंने पार्टी और राज्य के हितों के लिए ईमानदारी से और अथक परिश्रम किया है। मैंने केंद्र और राज्य के बीच एक सेतु का काम किया है. लगभग नौ वर्षों तक मुझे प्रोत्साहित करने, मुझे अपार शक्ति और साहस देने और तेलुगु राज्यों में मुझे पहचान दिलाने के लिए प्रधान मंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को विशेष धन्यवाद। उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि टीडीपी के साथ उनके राजनीतिक मतभेद हैं।

## सड़क किनारे खड़ी ट्रक में आग लगी, दो लोग जिंदा जले

**भोजपुर।** बिहार के भोजपुर जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में शुक्रवार सुबह आग लगने से वाहन में सवार चालक और उसका सहायक जिंदा जल गए। भोजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राज के अनुसार, ट्रक चालक और उसके सहायक ने अपना 18 पहिया वाहन सड़क किनारे खड़ा किया था और तभी उन्हें झपकी लग गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान ट्रक में कथित तौर पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई और दोनों जिंदा जल गए। एसपी के मुताबिक, मृतकों की पहचान चालक भीम सिंह (56) और सहायक विकास कुमार (20) के रूप में हुई है, जो स्थानीय निवासी थे। उन्होंने बताया कि दोनों बृहस्पतिवार देर रात पश्चिम चंपारण जिले से लौटे थे और अपने ट्रक के भीतर ही सो गए थे। एसपी के अनुसार, भीम और विकास ने ट्रक के दरवाजे अंदर से बंद कर दिए थे और इस दौरान वाहन में संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। एसपी ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

# कला संवाद द्वारा प्रथम एक दिवसीय कला प्रदर्शनी आयोजित

**◆ताज महल पैलेस की आर्ट गैलरी में 40 कलाकारों की विविध प्रतिभाओं का अनावरण**

**मुकेश मेहर**



**मुंबई।** कला संवाद ने नए प्रयोग के तहत आयोजित प्रथम एक दिवसीय कला प्रदर्शनी में 40 प्रतिभाशाली कलाकारों की अविश्वसनीय कृतियों को प्रदर्शित की गई, ये कला प्रेमियों और संग्रहकताओं के लिए एक जीवंत और मनोरंजक अनुभव रहा। यह आयोजन कला संवाद द्वारा एवं श्री नंदू सरस्वती द्वारा क्यूरेट किया गया था। यह अनूठा कार्यक्रम ताज आर्ट गैलरी, ताज महल पैलेस, मुंबई में 24 जनवरी 2025 को, समयः सुबह 09.00 बजे से शाम 08.00 बजे तक आयोजित किया गया। महामहिम अलियाक्सांद्र मात्सुको (मुंबई में बेलारूस गणराज्य के महावाणिज्य दूतावास) इसके मुख्य अतिथि थे और पद्मश्री प्रेमजीत बारिया (प्रख्यात कलाकार, दीव (डीएनएच, दमन और दीव)), पूर्व डीन वसंत सोनावणे (जे जे स्कूल ऑफ आर्ट मुंबई), विभु राज कपूर (बियोंड आर्ट गैलरी) अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ सम्मानीय अतिथि थे जिन्होंने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कला संवाद के राजकुमार शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य कलाकारों और उनकी कृतियों को बढ़ावा देना है, जिससे उन्हें पहचान और प्रसिद्धि मिल सके। उन्होंने कहा कि आगंतुकों को भी पेंटिंग, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, मिश्रित मीडिया और बहुत कुछ की शानदार श्रृंखला देखने का अवसर मिला, जो हर कला प्रेमी के लिए एक गतिशील अनुभव प्रदान करता है। जे जे स्कूल ऑफ आर्ट्स से ललित कला में मास्टर नंदू सरस्वती, जो विभिन्न कलात्मक शैलियों और माध्यमों को उजागर करने के लिए कला में एक नया युग शुरू करने के लिए तैयार हैं, समकालीन, अमूर्त और शास्त्रीय कला रूपों में कृतियाँ प्रस्तुत करेंगी।

इंडियाप्रेस के चेयरमैन जगदीश पी पुरोहित ने मुख्य अतिथि का शॉल पहनाकर स्वागत किया और उनकी पत्नी इरीना मात्सुकोउ को मुंबा देवी माताजी के मंदिर की चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन नए युग की नींव रखेंगे और कलाकारों का मनोबल बढ़ाएंगे। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं भी दीं। आयोजकों को बहुत बहुत शुभकामनाएँ। इस सभा को संबोधित करने वाले प्रमुख अतिथि श्री कमल जैन (प्रख्यात प्रिंट पत्रकार, मुंबई), श्री किशोर खाबिया जैन (सीएमडी, खाबिया ग्रुप, मुंबई), श्री गणपत कोठारी (सीएमडी, कोठारी ग्रुप, मुंबई) और अन्य थे। इस कार्यक्रम में देशभर के कलाकारों ने हिस्सा लिया जिनमें पद्मश्री प्रेमजीत बारिया, पद्मश्री सुधारक ओल्वे , प्रो. पठारे ज्योत्सना विनोद, सुनील देवरे (बीएफए), दिलीप सुब्रमण्यन (एमएफए), मंशा प्रदीप (एमएफए), डॉ. योगेश पवार (एमएफए), राजू भुइकर (एमएफए), भावेश जाधव (एमएफए), विजया गुंजाळ (एमएफए), बल्लाल यादव (एमएफए), रमेश करमरकर (बीएफए), माधवी जोशी (बीएफए), इशिता (बीएफए), महादेव डी जाधव (बीएफए), सुषमा वालावलकर अदाते (बीएफए), प्रबोध गमरे (बीएफए), काशी नाथ बोस (बीएफए), श्रुति गोयंका (बीएफए), ज्योति मलिक (बीएफए), दिलीप माळी, दीपक बी पाटिल, आशा फड़तरे , संदीप गोरीवाले , दीपक बच्छव (पाटिल), संजय म्हात्रे , ध्रुति पांचाल, सुनील कुमार वर्मा , कीर्ति शेट्टी, लीना भगत , कबीर रमेश, अंकिता भटनागर , पुरूषोत्तम वधेर , हिमांशु सोनी , जेनसन जोसेफ, सर्वेश पाटिल, नितिन कुलकर्णी, प्राची पालसुले.









